# सिंहस्थ के पहले 14 करोड़ से संवारी जाएगी कपिला

## गौशाला का बनेगा समुचित मास्टर प्लान, प्रदेश में द्वितीय स्थान मिलने पर आयोजित हुआ कार्यक्रम, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिया है 3 लाख का पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. महाकुंभ के पूर्व 14 करोड़ की लागत से कपिला गौशाला को सँवारा जाएगा, एक विस्तृत मास्टर प्लान बनेगा इसके तहत स्वस्थ और बीमार गायों की भी उचित देखरेख होगी, चारा पानी भी निर्बाध पर उपलब्ध होगा और एक ऐसा केंद्र विकसित किया जाएगा की देश-विदेश से उज्जैन आने वाले श्रद्धालु कपिल गौशाला का भ्रमण अवलोकन कर सके.**

नवभारत से चर्चा में नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक, महापौर मुकेश टटवाल और निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 3 लाख का पुरस्कार देते हुए कपिल गौशाला में की जा रही व्यवस्थाओं की प्रशंसा की है. साथ ही यह गौशाला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर आई है, ऐसे में आज पूरी नगर निगम कपिला गौशाला पहुंची. राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन में नगर निगम द्वारा संचालित रत्नाखेड़ी स्थित कपिला गौशाला के बेहतर संचालन एवं रखरखाव के लिए मध्य प्रदेश में द्वितीय स्थान अर्जित करने पर नगर पालिक निगम के पार्षद से लेकर महापौर, निगम सभापति से लेकर आयुक्त और अन्य अधिकारी गण रत्ना खेड़ी पहुंचे.



### संरक्षण के साथ बनाएंगे मंदिर

कपिला पर गो माता के संरक्षण के लिए कार्य किया जाएगा, जिससे निगम द्वारा संचालित गौशाला प्रथम स्थान अर्जित करेगी, यहां पर गायों के लिए पर्याप्त मात्रा में शेड, भूसा, पानी एवं साफ सफाई की व्यवस्था और अधिक की जाएगी . साथ ही यहां पर निगम अध्यक्ष मद की 30 लाख रुपए की लागत से गोमाता मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें गौ माता का पूजा स्थल एवं परिक्रमा पथ का निर्माण प्रचलित है, जिससे यहां आने वाले गौ सेवकों को एक अद्भुत अनुभूति होगी .

### मास्टर प्लान से होगा काम

मंगलवार को निगम द्वारा संचालित कपिला गौशाला में सहभोज का आयोजन रखा गया, जिसमें विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, अच्युतानंद महाराज को निगम आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि सभी के सुझाव आमंत्रित हैं, कपिला गौशाला को किस तरह से हम देश के नक्शे पर स्थापित कर सकते हैं क्योंकि इसका कार्य मास्टर प्लान से किया जाएगा.

### गौ माता प्रसन्न रहे तो मिलता है आशीर्वाद

अच्युतानंद महाराज ने कहा कि जहां गो माता प्रसन्न एवं स्वस्थ सुरक्षित रहती है वहां पर निश्चित ही इस प्रकार के कार्य निरंतर चलते रहते हैं और सभी को उनका आशीर्वाद मिलता है . गौ माता के प्रति जो सेवा करने का लक्ष्य है इस और प्रयास करते हुए गौशाला को प्रदेश ही नहीं अपितु देश की सबसे उन्नत एवं विकसित गो शाला के रूप में बनाया जाएगा .

### स्वामी जी बेहतर व्यवस्था संभाल रहे

महापौर मुकेश टटवाल द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा गया कि हमारे लिए गर्व की बात है कि मध्य प्रदेश में कपिला गौशाला को द्वितीय स्थान मिला है, जिस प्रकार यहां अच्युतानंद महाराज द्वारा गौशाला की व्यवस्था निगम के सहयोग से संभाली गई है . यह गौशाला नित विकास की और उन्नति कर रही है . पहले यहां पर बीमार गायों को रखने के लिए स्थान भी नहीं हुआ करता था. आज निगम द्वारा संचालित गौशाला में गौ माता के उपचार हेतु पर्याप्त सुविधाएं हैं. बीमार गायों के लिए पृथक से शेड निर्माण किया गया है . साथ ही चिकित्सीय उपकरण की भी पर्याप्त व्यवस्था है जो कि शहर के लिए एक अच्छी बात है .

### 14 करोड़ से करेंगे उन्नयन

निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम द्वारा संचालित कपिला गौशाला में सिंहस्थ पूर्व 14 करोड रुपए की सिंहस्थ मद की राशि से कार्य करवाए जा रहे हैं जिस प्रकार राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन में कपिला गौशाला को बेहतर संचालन एवं रखरखाव हेतु द्वितीय स्थान मिला है, आज हम सभी यही संकल्प करते हैं कि अगली बार जब भी इस प्रकार के आयोजन हो तो निगम द्वारा संचालित कपिला गौशाला प्रदेश की पहली गौशाला बने जहां गौ माता का संरक्षण किया जाता है . आपने कहा कि समय-समय पर यहां शहरवासियों, समाजसेवियों, उद्योगपतियों, श्रद्धालुओं को भ्रमण करवाया जाए ताकि सबकी भावनाएं गौशाला से जुड़े और इस ईश्वरीय कार्य में सहयोग किया जाए यहां जो कार्य किया जा रहे हैं, यह निश्चित ही टीम वर्क से ही संभव हो पाया हैं, बिना टीम वर्क के किसी भी कार्य को करना आसान नहीं था .

# हवाला रैकेट की परतें खोल रहा लैपटॉप

- सोनम के डिजिटल डिवाइस से मिले चौंकाने वाले सबूत
- शिलांग पुलिस की पूछताछ में सामने आए कई राज
- गोविंद करता रहा इनकार, लेकिन सोनम के खुलासों से केस ने पकड़ा नया मोड़




नवभारत न्यूज़

**इंदौर. राजा हत्याकांड में हवाला कारोबार की परतें अब डिजिटल सबूतों के जरिए खुलने लगी हैं. शिलांग पुलिस की कार्रवाई में पकड़ी गई सोनम के लैपटॉप और पेन ड्राइव से जो जानकारियां सामने आई हैं, उन्होंने जांच एजेंसियों को चौंका दिया है.**

हवाला नेटवर्क में सोनम की सक्रिय भूमिका की पुष्टि अब तकनीकी सबूतों से हो चुकी है, जो अब कोर्ट में केस फाइल का हिस्सा बनने जा रहे हैं. शुरुआती जांच में इस पूरे नेटवर्क से जुड़े गोविंद ने हर बार हवाला केस से इनकार किया, लेकिन सोनम ने पुलिस की पूछताछ में वह राज खोल दिए जो अब दस्तावेज और डिजिटल सबूतों के रूप में सामने आ चुके हैं. पुलिस ने सोनम से जब बरामद लैपटॉप और पेन ड्राइव को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा तो उनमें हवाला ट्रांजेक्शनों से जुड़े कई इनक्रिप्टेड फोल्डर्स, एक्सेल शीट्स, संदिग्ध बैंक ट्रांजेक्शन की डिटेल्स और कोडवर्ड्स में हुई ईमेल बातचीत सामने आई. शिलांग पुलिस के सूत्र बताते हैं कि इन दस्तावेजों में कुछ ऐसे लेन-देन और नाम भी दर्ज हैं, जिनके तार देश के अलग-अलग हिस्सों से जुड़े बताए जा रहे हैं.

### नेटवर्क की जड़ और कहीं भी

फिलहाल शिलांग पुलिस ने गोविंद और सोनम से जुड़ी कॉल डिटेल्स, मेल्स और लैपटॉप से बरामद डेटा की गहन जांच शुरू कर दी है. जल्द ही अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी भी हो सकती है. जांच एजेंसियों का मानना है कि यह केवल एक सिरा है, इस नेटवर्क की पहुंच कहीं बड़ी और गहराई में है.

### लॉजिस्टिक और ट्रांजेक्शन मॉनिटरिंग में भी सक्रिय

शिलांग पुलिस की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोनम हवाला चैनल में न केवल मैसेंजर के रूप में बल्कि लॉजिस्टिक और ट्रांजेक्शन मॉनिटरिंग में भी सक्रिय भूमिका में थी . अब तक की पूछताछ में यह भी सामने आया है कि हवाला के इस नेटवर्क में डिजिटल पेमेंट ऐप्स का उपयोग कर ट्रांजेक्शन को छिपाया जाता था और कई बार नकद रकम को अलग-अलग खातों में विभाजित कर ट्रांसफर किया जाता था, ताकि रकम ट्रेस न हो सके . पुलिस को शक है कि इस नेटवर्क की जड़ें कुछ कारोबारियों और विदेशी लेन-देन से भी जुड़ी हो सकती हैं .



# मंदसौर, नीमच में होगी झमाझम भारी बारिश

- मौसम विभाग का आरेंज अलर्ट जारी
- 40 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

नवभारत रिपोर्टर

**इंदौर, 1 जुलाई. मप्र के रतलाम, मंदसौर, नीमच जिलों में बुधवार को अत्यधिक बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने यहां भारी बारिश की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया है.**

इसके साथ ही ग्वालियर, दतिया, श्योरपुरकलां, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, विदिशा, राजगढ़, कटनी, जबलपुर, दमोह, छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों में भी अति बारिश हो सकती है. इन जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है. रायसेन, सिहोर, नर्मदापुरम, सीधी, रीवा, सिंगरौली सहित जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है. इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. प्रदेशभर के जिलों में अति बारिश को लेकर मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान लगाया है. इस दौरान करीब 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है. प्रदेश में 3 जुलाई तक झमाझम बारिश की संभावना जताई है.

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी भाग तथा उससे संलग्न पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटों पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है. इससे संबंधित चक्रवाती परिसंचरण माध्य समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है. अगले 2 दिनों के दौरान इसके उत्तर ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल और झारखंड में धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है.

# 30 वर्ष पुराने यूका कचरे के कलंक से मिली मुक्ति

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 30 जून. ये मप्र और विशेष रूप से राजधानी भोपाल के लिए बड़ी बात है. 30 वर्ष से यूनियन कार्बाइड के कचरे का कलंक माथे पर लगाये राजधानी को आखिरकार उससे मुक्ति मिल गई है. इस कचरे को पीथमपुर में पूरी तरह जलाकर खत्म कर दिया गया है. ये काम 30 जून को पूरा किया गया.**



लंबे संघर्ष और फिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आखिरकार राज्य सरकार को इस कचरे के निष्पादन में कामयाबी मिल गई है. इस कामयाबी का जश्न मंगलवार को अनौपचारिक कैबिनेट में भी मना, जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस संबंध में पूरी जानकारी मंत्रियों से साझा की और बताया कि कचरे के कलंक से पूरी तरह मुक्ति मिल गई है. इस दौरान मंत्रियों ने इस बात के लिए मुख्यमंत्री को बाकायादा बधाई भी दी.

उन्होंने ये भी बताया कि प्रदेश में एक बगिया मां के नाम से नई योजना आरंभ की जा रही है. इसमें प्रदेश स्तर पर स्व-सहायता समूह की 30 हजार महिलाओं की 30 हजार एकड़ भूमि पर लगभग 900 करोड़ की लागत से आजीविका संवर्धन के लिए 30 लाख उद्यानिकी पौधों का रोपण कर फल उद्यान विकसित किए जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की लगभग 100 नदियों के उद्गम स्थलों पर 10-10 एकड़ भूमि पर 42 करोड़ रुपए की लागत से पौधों का रोपण किया जाएगा. उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से 15 सितंबर तक एक पेड़ मां के नाम अभियान आयोजित होगा.

### 85 हजार से अधिक खेत तालाब बनेंगे

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खेत का पानी खेत में संचित करने के उद्देश्य से प्रदेश में 85 हजार से अधिक खेत तालाबों का निर्माण किया गया. भूजल संवर्धन के लिए 1 लाख से अधिक कुओं का पुनर्भरण किया गया। पानी की अमृत बूंद को सहेजने के लिए अमृत सरोवर 2.0 के तहत 1000 से अधिक नए अमृत सरोवरों का निर्माण प्रारंभ हुआ. शहरी क्षेत्र में समाज की सहभागिता से 3300 से अधिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन, 2200 नालों की सफाई और 4000 वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनाई गई. इसके साथ ही 40 लाख से अधिक नागरिकों ने 5000 से अधिक ऐतिहासिक/धार्मिक जल स्रोतों बावड़ी, मंदिर तालाबों आदि की सफाई और जीर्णोद्धार में भाग लिया. अभियान के तहत 2 लाख 30 हजार जलदूतों का रजिस्ट्रेशन हुआ.


**भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड**
**RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD**

विज्ञापन संख्या– RBISB/BA/01/2025-26

**भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं) में पूर्णकालिक अनुबंध पर समन्वय अधिकारियों (Liaison Officers) की लेटरल भर्ती**

भारतीय रिज़र्व बैंक में पूर्णकालिक अनुबंध आधार पर सलाहकार के रूप में समन्वय अधिकारियों (Liaison Officers) की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं. | पद | रिक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | समन्वय अधिकारी (Liaison Officer) | 04 |

आयु, अर्हता, चयन प्रक्रिया, पारिश्रमिक, आवेदन का तरीका और अन्य अनुदेशों जैसे अन्य सभी विवरणों के लिए, कृपया **01 जुलाई 2025** को बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन और दिनांक **05 जुलाई 2025** के एम्पलॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार अंक/अनुवर्ती अंक को देखें।

**महत्त्वपूर्ण तिथियां:**

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि:** पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन **डाक/कूरियर/हस्त सुपुर्दगी** द्वारा **14 जुलाई 2025** को शाम **06 बजे** तक या उससे पूर्व बोर्ड कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए।

**टिप्पणी:** उपर्युक्त विज्ञापन पर यदि कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर प्रकाशित किया जाएगा।


## पेज एक का शेष

### हेमंत खंडेलवाल भाजपा के नए अध्यक्ष

**पहली बार बैतूल जिले से बना प्रदेश अध्यक्ष :** हमंत खंडेलवाल बैतूल के ऐसे पहले नेता हैं, जिन्हें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने का मौका मिला है. बैतूल जिले से इस बार अध्यक्ष पद के लिये दो तगड़े दावेदार थे, इनमें खंडेलवाल के अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके का नाम भी शामिल था, लेकिन अंत समय तक खंडेलवाल इस दौड़ में लगातार आगे बने रहे और सभी अटकलों पर विराम लगा दिया.

**सांसद की बजाय विधायक को मिला मौका :** पिछले तीन दशक से भी अधिक समय तक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामान्य तौर पर सांसदों को ही प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा रहा था.


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
**कार्यालय परियोजना यंत्री, इन्दौर संभाग क्र.-1, जी-13 प्रथम तल, एम.आई.जी. कॉलोनी, क्रिश्चियन एमीनेंट स्कूल के पीछे, इंदौर, दूरभाष : 9425601536**

**अल्प अवधि निविदा सूचना क्र. 04/2025-26 (द्वितीय आमंत्रण)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, इन्दौर संभाग क्र.-1, इन्दौर द्वारा प्रथम वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल, इन्दौर के परिसर में प्रस्तावित निर्माण कार्य पुलिस ट्रेनिंग सेन्टर के कार्यस्थल पर मौजूद पुराने/कण्डम भवन का ध्वस्तीकरण एवं इससे प्राप्त होने वाली विभिन्न उपयोगी/अनुपयोगी सामग्री, मलबा, इत्यादि के बदले बोली प्रस्ताव निविदा (क्र. 2025_MPPHC_434166) आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 10.07.25 को प्रात: 11:00 बजे तक** खरीदे व प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/120884/2025 **परियोजना यंत्री**



**पेगासस एसेट्स रीकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**
55-56, 5वीं मंजिल, फ्री प्रेस हाउस, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400021.

**कब्जा नोटिस [नियम 8 (1)] (अचल संपत्ति के लिए)**

जहाँ तक कि, जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड (जिसे आगे "जन बैंक" के रूप में संदर्भित किया गया है) के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("SARFAESI अधिनियम") के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणी(ओं)/ सह-ऋणी(ओं)/ बंधककर्ता(ओं)/ गारंटर(ओं) 1) श्री अखिलेश व्यास पुत्र पूणार्नंद, 2) श्रीमती टीना, पत्नी अखिलेश व्यास को दिनांक 15/01/2024 को मांग नोटिस जारी किया को, नोटिस में उल्लिखित राशि, जो 07/01/2024 तक बकाया है, 17,67,784.84 रुपये (सत्रह लाख सरसठ हजार सात सौ चौरासी व चौरासी पैसे मात्र) तथा अनुबंध दर पर अतिरिक्त ब्याज तथा 08/01/2024 से उस पर होने वाले व्यय, लागत और प्रभार, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा है। जन बैंक ने उपरोक्त ऋण खाते के संपूर्ण बकाया ऋण के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और हित, प्रतिभूतियों सहित, पेगासस एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (जिसे आगे "पेगासस" के रूप में संदर्भित किया जाएगा) के पक्ष में SARFAESI अधिनियम के प्रावधान के तहत दिनांक 28/03/2024 के असाइनमेंट समझौते के तहत पेगासस 2023 ट्रस्ट-10 के ट्रस्ट के रूप में कार्य कर रहा है।

ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, माननीय अपर जिला मजिस्ट्रेट, जिला इंदौर के समक्ष SARFAESI अधिनियम की धारा 14 के तहत एक आवेदन दायर किया गया था। इसके अलावा, दिनांक 04/03/2025 के आदेशों के अनुसार, विद्वान माननीय अपर जिला मजिस्ट्रेट, जिला इंदौर ने तहसीलदार ताल. सावर, जिला इंदौर को नीचे उल्लिखित संपत्ति का भौतिक कब्जा लेने और उसे पेगासस के प्राधिकृत अधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया।

उपर्युक्त निर्देश के अनुपालन में, नीचे उल्लिखित संपत्तियों का कब्जा लिया जाता है और उन्हें 27/06/2025 को पेगासस के प्राधिकृत अधिकारी को सौंप दिया जाता है।

ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर द्वारा राशि वापस न किए जाने के कारण, ऋणी एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ दिनांक 27/06/2025 को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर, विशेष रूप से तथा आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है तथा संपत्ति से कोई भी लेन-देन 04/06/2025 तक **21,01,276.84 रुपये (इक्कीस लाख एक हजार दो सौ छिहत्तर रुपये तथा चौरासी पैसे मात्र)** की राशि के लिए पेगासस के प्रभार के अधीन होगा, साथ ही 05/06/2025 से लागू संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज तथा उस पर होने वाली लागत, प्रभार तथा व्यय भी देय होंगे।

उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।


**अचल संपत्ति का विवरण**

सभी आर.सी.सी. सुपर स्ट्रक्चर जिसमें आवासीय इकाई/फ्लैट संख्या 306, तीसरी मंजिल, ब्लॉक "गोल्डन बी-1" पर है, जिसका सुपर बिल्ट अप एरिया 523 वर्ग फीट (48.60 वर्ग मीटर) है, जिसे लोकप्रिय रूप से "करोल बाग ग्रैंड" के नाम से जाना जाता है, जिसका निर्माण सर्वे संख्या 171/1/1 वाली भूमि पर किया गया है, जो भवरसला, वार्ड संख्या 18 (संत कबीर) तहसील सावर और जिला इंदौर (म.प्र.) में स्थित है। चारों ओरः पूर्व में: कॉमन पैसेज, पश्चिम में: गार्डन एरिया, उत्तर में: फ्लैट संख्या 307, पिपली बाजार और दक्षिण में: फ्लैट संख्या 305

स्थान: भवरसला, मल्हारगंज
दिनांक: 02.07.2025

एसडी/- (प्रमोद जाधव) प्राधिकृत अधिकारी
पेगासस एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
(पेगासस 2023 ट्रस्ट-10 के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य करते हुए)





**समय रहते सतर्क रहें, प्रोस्टेट कैंसर को हड्डियों में फैलने से रोका जा सकता है**
**मो. 98935 19287**

**प्रोस्टेट कैंसर और यूरिन संबंधी परेशानी से मिला आराम**




पिता जी के साथ वंदना जी

श्रीमति वंदना जी के अनुसार द्विवेदी जी ने होम्योपैथिक ट्रीटमेंट उनके पिताजी मन्नासिंग जी और प्राकृतिक चिकित्सा देना शुरू (81) को 2023 में फोर्थ किया। उपचार के 5 दिन में नली स्टेज प्रोस्टेट कैंसर से निकलवा दी गई। उसके बाद संबंधित परेशानी थी। यूरिन में पिताजी को यूरिन संबंधी कोई नली लगी थी। जिन्हें हमनें परेशान नहीं हुई है। पिताजी को इंदौर आकर डॉक्टर एके स्वस्थ करने के लिए डॉ. द्विवेदी द्विवेदी जी को दिखाया। साहब का बहुत-बहुत धन्यवाद रिपोर्ट्स देखने के बाद डॉ. देती हूं।

**३ साल में ३० किलो वजन भी कम हुआ और घुटनों के दर्द में भी राहत मिली**

मैं संध्या भारद्वाज, डॉ. ए.के. द्विवेदी और उनकी टीम की होम्योपैथिक व प्राकृतिक चिकित्सा एवं खान पान में सुधार करते हुए 30 किलो वजन कम कर सकी। 2022 से 2025, 3 साल में 30 किलो वजन काम हुआ, पहले मैं घुटनों और एड़ी में तेज दर्द और सूजन के कारण चलने-फिरने में असमर्थ थी, लेकिन अब वजन कम होने और होम्योपैथी दवा से पूरी तरह ठीक हूं और घर के सभी काम पहले की तरह कर रही हूं। मैं डॉ. द्विवेदी जी एवं उनकी संपूर्ण टीम का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं



श्रीमती संध्या भारद्वाज जी अपने पतिदेव जी के साथ

**अब सबको बताती हूं ''मैं होम्योपैथिक दवाओं से ठीक हुई हूं''**
**डॉ. उषा जैन (सीनियर प्रोफेसर)**



डॉ. उषा जैन

कभी मेरा हीमोग्लोबिन 7-8 तक गिर गया था, लेकिन 2024 में होम्योपैथिक दवाओं से यह 13 तक पहुंच गया। यह बदलाव डॉ. ए.के. द्विवेदी की होम्योपैथी और जीवनशैली सुधार की सलाह से संभव हुआ। उन्होंने सिर्फ दवा नहीं दी, बल्कि सही खानपान और आदतों की दिशा भी दिखाई। अब मैं सबको यही कहती हूं गुड़-चना खाओ, होम्योपैथी अपनाओ और स्वस्थ जीवन पाओ!'

**एडवांस्ड होम्यो-हेल्थ सेंटर एवं होम्योपैथिक मेडिकल रिसर्च प्रा.लि. इन्दौर**
8/9, मयंक अपार्टमेंट, मनोरमागंज, गीता भवन मंदिर रोड, इन्दौर (म.प्र.)
**Mob. 94240-83040**
E-mail : drakdindore@gmail.com
Watch us on YouTube
हमारी अन्य कहीं कोई शाखा नहीं है
रविवार अवकाश
dr ak dwivedi homeopathy
**Call for Homeopathy Treatment : 98260 42287**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7390/60**